कोई करे छेड़छाड़ तो पुलिस को दें सूचना

महिलाओं को जागरूक करतीं महिला आरक्षी। - स्रोत: पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

श्रावस्ती। मिशन शक्ति अभियान 5.0 के द्वितीय चरण के तहत शुक्रवार को विभिन्न थानों की मिशन शक्ति टीमों ने जागरूकता चौपाल का आयोजन किया। एएसपी चंद्रकेश सिंह ने बताया कि चौपाल में मौजूद महिलाओं व बालिकाओं को विशेष रूप से घरेलू हिंसा व छेड़छाड़ जैसी घटनाओं से बचाव संबंधी जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि हर चौक चौराहे पर डायल 112 पुलिस टीम आप की सुरक्षा में तैनात रहती है। ऐसे में अगर आपके साथ कोई छेड़छाड़ करे तो तत्काल इसकी सूचना दें।